हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 5 जुलाई 2026

06 किताब से कल तक कार्यक्रम में विधायक, कलेक्टर...



09 हर वार्ड तक विकास पहुंचाना हमारी सर्वोच्च...





### साइबर अपराध को लेकर प्रत्येक विद्यार्थी का जागरूक होना आवश्यक

## पुलिस अधीक्षक ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में छात्रों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**साइबर क्विज के विजेताओं का सम्मान 8 जुलाई को अभियान के समापन समारोह में होगा**







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्य स्तरीय सेफ क्लिक -2.0 (सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन) अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में 05 जुलाई को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, आगर में विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लगभग 200 विद्यार्थियों एवं विद्यालय के शिक्षकों ने सहभागिता की। पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से नए-नए स्वरूप में सामने आ रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, फर्जी जॉब ऑफर, सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग, फिशिंग लिंक,ओटीपी फ्रॉड, क्यूआर कोड स्कैम, यूपीआई धोखाधड़ी एवं एआई आधारित साइबर अपराधों से बचाव के व्यवहारिक उपाय विस्तारपूर्वक बताए। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार एवं समाज को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम को संवादात्मक स्वरूप देते हुए पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों से साइबर सुरक्षा से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे। जिन विद्यार्थियों ने सही एवं संतोषजनक उत्तर दिए, उन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल आकर्षक उपहार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इससे विद्यार्थियों में उत्साह एवं साइबर सुरक्षा के प्रति रुचि और अधिक बढ़ी।

कार्यक्रम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, आगर के प्राचार्य संतोष वर्मा, विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे। जिला साइबर टीम की ओर से उपनिरीक्षक राखी गुर्जर, प्रधान आरक्षक सुब्रतो शर्मा, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह एवं आरक्षक रवि दोहरे ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के व्यवहारिक उपायों की जानकारी देते हुए उनके प्रश्नों का समाधान किया तथा राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की साइबर सुरक्षा संबंधी समझ का मूल्यांकन करने एवं उनकी सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से साइबर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए साइबर अपराधों से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का चयन किया गया, जिन्हें 08 जुलाई 2026 को सेफ क्लिक -2.0 अभियान के समापन समारोह में प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। समापन पर विद्यालय के प्राचार्य वर्मा ने जिला पुलिस आगर मालवा द्वारा संचालित सेफ क्लिक -2.0 अभियान की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक श्री सोनी एवं जिला साइबर टीम का विद्यालय में उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार एवं सजग डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेंगे।

### वर्षा ऋतु में विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

## विद्यार्थियों की सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

**जिले के समस्त शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी**

वर्षा ऋतु में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला कलेक्टर प्रीति यादव एवं जिला पंचायत सीईओ द्वारा गत दिवस समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशानुसार सभी संस्था प्रमुखों को विद्यालय परिसर, भवन एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी सौरभ जैन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जिले में किसी भी स्थिति में जर्जर अथवा क्षतिग्रस्त भवनों, कमरों या बरामदों में कक्षाओं का संचालन नहीं किया जाएगा। यदि किसी विद्यालय भवन की स्थिति असुरक्षित प्रतीत होती है तो संबंधित कक्षाओं को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए तथा इसकी सूचना तत्काल विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए जैन ने बताया कि विद्यालय परिसर में जलभराव, फिसलन, खुले विद्युत तार, टूटे हुए पेड़, दीवार या अन्य संभावित खतरों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य किए जाएं। छतों से पानी टपकने, दीवारों में दरारें अथवा संरचनात्मक कमजोरी पाए जाने पर तत्काल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। आकाशीय बिजली की पूर्व सूचना हेतु दामिनी ऐप से नियमित जानकारी प्राप्त कर विद्यार्थियों को साझा की जाए।

#### आवागमन एवं उपस्थिति

विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं सुरक्षित आवागमन पर विशेष ध्यान दिया जाए। अत्यधिक वर्षा, जलभराव अथवा प्रतिकूल मौसम में स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए निर्णय लिए जाएं। विद्यालय समय में विद्यार्थियों को खुले मैदान, जलभराव वाले क्षेत्रों अथवा जोखिम वाले स्थानों पर जाने से रोका जाए। स्कूल वाहनों में भी सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष ध्यान रखा जाए।

#### विद्युत एवं स्वास्थ्य

विद्युत सुरक्षा हेतु सभी उपकरणों, स्विच बोर्ड एवं वायरिंग की जांच कराई जाए। वर्षा में विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव हेतु विशेष सतर्कता बरती जाए। पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्थाएं सुचारु रखी जाएं। डीईओ ने सभी संस्था प्रमुखों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन समितियों से अपील की है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए वर्षा ऋतु में सतत निगरानी रखें तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दें। जिले का समस्त अमला बीईओ, संकुल प्राचार्य, बीआरसी, इंजीनियर, जनशिक्षक नियमित मैदानी भ्रमण कर निरीक्षण करेंगे। विद्यार्थियों की सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## दस इंच से वर्षा के बाद भी उमस व गर्मी से परेशान लोग



नलखेड़ा। तहसील क्षेत्र में इस वर्ष अभी तक दस इंच से अधिक वर्षा हो चुकी है बावजूद इसके उमस व गर्मी से आमजन परेशान है। तहसील क्षेत्र में शनिवार प्रातः 8 बजे तक 260 मिमी (10.23 इंच) वर्षा दर्ज की जा चुकी है जबकि गत वर्ष इसी दिनांक तक 148 मिमी (5.82 इंच) वर्षा दर्ज की गई थी। गत वर्ष की तुलना में लगभग दोगुना वर्षा हो जाने के बाद भी उमस व गर्मी कम होने का नाम नही ले रही है। बादल छाए रहने पर वातावरण उमस भरा रहता है और जैसे ही बादलों की ओट से सूरज निकलता है उमस के साथ साथ तेज धूप के कारण गर्मी बढ़ जाती है। दोनों ही परिस्थितियों में आमजन पसीना पसीना हो परेशान हो रहे है। जब भी वर्षा का दौर प्रारम्भ होता है मौसम में ठंडक घुल जाती है लेकिन वह ठंडक उतने ही समय रहती है जितने समय वर्षा होती है। शनिवार को प्रातः नगर सहित आसपास के क्षेत्र में लगभग आधा घंटा वर्षा दर्ज की गई।

### जिला एवं विकासखंड स्तर पर शिकायत निवारण समितियां गठित

## निजी स्कूलों की मनमानी फीस व जबरन पुस्तक और यूनिफॉर्म बिक्री पर लगाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

**शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गठित समिति के को दर्ज कराएं**

जिले में निजी विद्यालयों द्वारा मनमाने ढंग से फीस वृद्धि एवं निर्धारित दुकानों से पुस्तकें-यूनिफॉर्म खरीदने के दबाव की शिकायतों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार जिला एवं विकासखंड स्तर पर शिकायत निवारण समितियों के गठन के आदेश जारी किए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सौरभ जैन ने बताया कि शैक्षणिक सत्र प्रारंभ से म.प्र. निजी विद्यालय (फीस एवं संबंधित अन्य विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं नियम-2020 प्रभावशील हैं। अधिनियम की कंडिका-6 के अनुसार निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र /अभिभावकों को पुस्तकें, यूनिफॉर्म, जूते, कॉपी आदि केवल चयनित विक्रेताओं से खरीदने हेतु बाध्य नहीं किया जा सकेगा। अभिभावक सामग्री खुले बाजार से क्रय करने हेतु स्वतंत्र रहेंगे।

डीईओ सौरभ जैन ने अभिभावकों से अपील की है कि निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस वसूली, विशेष दुकानों से सामग्री खरीद का दबाव जैसी शिकायतें संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गठित समिति के समक्ष दर्ज कराएं, ताकि समयबद्ध जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। जिला प्रशासन का उद्देश्य छात्रहित एवं अभिभावकों को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखना है। शिक्षा विभाग विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के हितों की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध है तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## लगातार दूसरे शनिवार को हाट बाजार में जमकर बिकी अचार की कैरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



मानसून की वर्षा होने के बाद बाजार में अचार की कच्ची कैरी की बंपर आवक हो रही है। लगातार दूसरे शनिवार को हाट बाजार में अचार की कच्ची कैरी जमकर बिकी। शनिवार को हाट बाजार में अचार की कच्ची कैरी का विक्रय करने बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र व अन्य स्थानों से दुकानदार पहुंचे। पुलिस थाने के बाहर सुबह से लगी इन दुकानों से नगरवासियों के साथ ही ग्रामीणों द्वारा जमकर खरीदी की गई। शनिवार को कच्ची केरी 70 से 80 रुपये प्रति किलो के भाव मे बिकी। गौरतलब है कि मानसून की पहली वर्षा के बाद कच्ची कैरी का अचार डालना प्रारम्भ हो जाता है। इसी के चलते इस वर्ष हुई पहली वर्षा के बाद शनिवार को बड़ी संख्या में कच्ची केरी की दुकानें लगी थी। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान दौर में घरों में अचार बनाना कम हो गया है और लोग बाजार से बना बनाया अचार खरीदने लगे है लेकिन नलखेड़ा जैसे कस्बाई क्षेत्र में जहाँ नब्बे प्रतिशत से अधिक ग्राहक ग्रामीण क्षेत्र से आते है उनके द्वारा कच्ची कैरी की जमकर खरीदी की जा रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि शनिवार हाट बाजार में सौ क्विंटल से अधिक कच्ची कैरी का विक्रय हुआ।

### तेज वर्षा से सोयाबीन बीज अंकुरित नही हुआ

## नलखेड़ा तहसील में दोबारा 30 प्रतिशत बोवनी करना पड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

दुबली व दो आषाढ़ वाली कहावत नलखेड़ा क्षेत्र के किसानों पर दिखाई दे रही है। फसल की बढती लागत वैसे ही किसानों की कमर तोड़ रही है, ऊपर से खरीफ फसल की सोयाबीन बोवनी बिगड़ जाने से दोबारा बोवनी करना किसान की आर्थिक रूप से रीढ़ तोड़ रही है। किसानों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र में लगभग तीस प्रतिशत कृषि भूमि में खरीफ फसल की बोवनी बिगड़ चुकी है जहाँ दोबारा बोवनी के लिए किसान जुट गए है। कई किसानों द्वारा सोयाबीन फसल की दोबारा बोनी की जा चुकी है। किसानों से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गत शुक्रवार व शनिवार को किसानों द्वारा जिन खेतों में सोयाबीन की बोवनी की गई थी वह गत 27 जून शनिवार को हुई तेज वर्षा के कारण अंकुरित नही हुई है या बहुत कम मात्रा में अंकुरित हुई है। वे खेत अब लगभग एक सप्ताह बाद काले खेत के रूप में दिखाई देने लगे है।

किसानों ने बताया कि किसी भी ग्राम में कोई किसान ऐसा नही बचा है कि उसकी सोयाबीन की बोवनी नही बिगड़ी है। अब किसान उन खेतों में उगी फसल को तोड़कर या तो दोबारा बोवनी कर चुके है या करने की तैयारी कर रहे है। किसानों ने बताया कि दोबारा बोवनी के कारण आर्थिक रूप से काफी मार पड़ रही है क्योंकि इस बार सोयाबीन बीज कम से कम 8500 से लगाकर 12 हजार रुपये प्रति क्विंटल था जिसे किसान बमुश्किल खरीद पाए थे अब दोबारा बीज खरीदना काफी मुश्किल हो रहा है।

### सीहोर-भोपाल का सफर होगा आसान, 15 से दौड़ेंगी ई-बसें, महज 2 रुपए में होगी यात्रा

## चलो एप से बुक होगा टिकट, मोबाइल पर मिलेगी लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर से राजधानी भोपाल और उसके आसपास के इलाकों में रोजाना सफर करने वाले हजारों नौकरीपेशा, छात्रों और आम लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब से ठीक 11 दिन बाद यानी 15 जुलाई से सीहोर और भोपाल के बीच का सफर न केवल सुलभ और आरामदायक होने जा रहा है, बल्कि यह जेब पर भी भारी नहीं पड़ेगा। भोपाल नगर निगम सीमा से शहर और उसके आसपास के 10 प्रमुख रूटों पर 20 नई इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू होने जा रहा है।

राहत की बात यह है कि ये सभी अत्याधुनिक पर्यावरण अनुकूल बसें 4 जुलाई तक भोपाल पहुंच जाएंगी, जिसके बाद इनके ट्रायल और रूट मैनेजमेंट की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। बता दें रोजाना हजारों की संख्या में लोग सीहोर शहर से भोपाल अपनी नौकरी, पढ़ाई या अन्य कामों के सिलसिले में आते-जाते हैं।

वर्तमान में उन्हें बसों के लंबे इंतजार और महंगे किराए से जूझना पड़ता है। नई ई-बस सेवा शुरू होने से शहरवासियों को सस्ती परिवहन सेवा मिलेगी। इससे यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

#### सीहोर-रातापानी का सबसे लंबा रूट

इस सेवा का सबसे लंबा रूट सीहोर से है। ई-बस सीहोर से शुरू होकर फंदा, चिरायु अस्पताल, बैरागढ़, कलेक्ट्रेट, हमीदिया अस्पताल, रोशनपुरा, वल्लभ भवन, बोर्ड ऑफिस, चूना भट्टी, मंदाकिनी चौराहा, बीमा कुंज और कजलीखेड़ा होते हुए रातापानी तक जाएगी। इससे सीहोर के लोग भोपाल के मुख्य अस्पतालों, सरकारी दफ्तरों और बाजारों तक सीधे पहुंच सकेंगे। जबकि दूसरी बस सेवा सीहोर-कटारा बायपास तिराहा 53 किमी का रहेगा, यह रूट सीहोर को भोपाल के दूसरे छोर से जोड़ेगा, वहीं तीसरी बिलखिरिया-सीहोर रहेगी।

#### 2 रुपए में 1.5 किलोमीटर का सफर

इन ई-बसों का किराया आम जनता की जेब को ध्यान में रखकर बेहद राहत भरा रखा गया है। यात्री महज 2 रुपये में 1.5 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकेंगे। इससे ऑटो और अन्य निजी वाहनों के मुकाबले यात्रा खर्च में भारी कटौती होगी।

#### एप पर दिखेगी लाइव लोकेशन

इन आधुनिक बसों में सफर करने वाले यात्रियों को बस स्टॉप पर खड़े होकर घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यात्री चलो मोबाइल ऐप के जरिए न सिर्फ अपनी टिकट एडवांस में बुक कर सकेंगे, बल्कि ऐप पर बसों की लाइव लोकेशन भी देख सकेंगे। इससे समय की भारी बचत होगी।

#### भविष्य में और मिलेंगी बसें

बताया जा रहा है कि इस साल के अंत तक राजधानी भोपाल शहर और आस-पास के क्षेत्रों को कुल 100 ई-बसें मिल जाएंगी। वहीं अगले वर्ष इसमें 140 और बसें जोड़ी जाएंगी। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में सीहोर से भोपाल के अन्य रूटों के लिए भी अन्य बसें मिलेंगी, जिससे सीहोर-भोपाल के बीच का सफर और भी आसान हो सकेगा।

## 15 जुलाई को सीहोर से जत्था करेगा खाटू श्याम की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जब स्वयं बाबा श्याम का बुलावा आता है, तभी भक्तों को उनके दिव्य दरबार में शीश नवाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। इसी पावन आस्था और अटूट श्रद्धा के साथ सीहोर नगर की धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी संस्था सीहोर सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में नगर के लगभग 55 श्याम प्रेमी आगामी 15 जुलाई (बुधवार) को पावन श्री खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए रवाना होंगे। श्रद्धालुओं का दल दोपहर 4:00 बजे सीहोर रेलवे स्टेशन से जय श्री श्याम, हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा और शीश के दानी की जय के गगनभेदी जयघोष के साथ अपनी तीन दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा का शुभारंभ करेगा। सांस्कृतिक मंच के आशीष गुप्ता ने बताया कि खाटू धाम पहुंचने के उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा लगभग एक किलोमीटर लंबी भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। भक्तजन हाथों में पवित्र निशान लेकर भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ बाबा के दरबार में पहुँचेंगे तथा श्रद्धापूर्वक निशान अर्पित करेंगे। तीन दिवसीय यात्रा के दौरान विश्व प्रसिद्ध दाढ़ी वाले श्री सालासर बालाजी हनुमान के दरबार में भी हाजिरी लगाकर हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। साथ ही अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन का भी पुण्य लाभ मिलेगा। सीहोर सांस्कृतिक मंच ने नगरवासियों से अपील की है कि वे 15 जुलाई को सीहोर रेलवे स्टेशन पहुँचकर श्याम प्रेमियों का आत्मीय स्वागत एवं भावभीनी विदाई करें तथा ₹हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा₹ के जयघोष के साथ इस पावन आध्यात्मिक यात्रा सहभागी बनकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## खबर संक्षेप

### हृदय जांच शिविर आज विशेषज्ञ देंगे परामर्श

**देवास।** स्वस्थ हृदय और स्वस्थ जीवन के उद्देश्य से हमारे बढ़ते कदम बाल एवं महिला वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क हृदय जांच एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निरोग काया आयुर्वेदिक पंचकर्म सेंटर, भारत माता चौराहा, कर्मदीप स्कूल के पीछे, नेहरू नगर, देवास में आयोजित होगा। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य हृदय रोगों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना, हृदय रोगियों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना तथा स्वस्थ लोगों की समय पर जांच कर भविष्य में होने वाली हृदय संबंधी समस्याओं से बचाव के प्रति प्रेरित करना है। शिविर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांक अजमेरा (एमबीबीएस, एमडी मेडिसिन, हृदय रोग विशेषज्ञ) अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में आने वाले सभी लोगों के लिए रक्तचाप की जांच, शुगर की जांच, हृदय विद्युत परीक्षण (ईसीजी), शरीर द्रव्यमान सूचकांक (बीएमआई) एवं वजन की जांच, हृदय रोग विशेषज्ञ से परामर्श, हृदय स्वास्थ्य संबंधी परामर्श तथा आपातकालीन हृदय जागरूकता सत्र की सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

### बच्चों को स्टेशनरी वितरित की

**देवास।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय महाकाल कॉलोनी में संदीप डागोरा की स्मृति में बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई। प्रधानाध्यापक महेश सोनी ने बताया कि थ्रो बॉल के अंतर्राष्ट्रीय और डॉज बॉल के राष्ट्रीय खिलाडी स्वर्गीय संदीप डागोरा के जन्मदिन पर उनके पिता यशवंत डागोरा द्वारा सभी बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई। इस अवसर पर खेल विभाग के जावेद पठान एवं संस्था शब्द सरगम के संजय सरल, समाजसेवी भारतसिंह मलिक उपस्थित थे। श्री डागोरा ने कहा कि विद्यार्थियों की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।

### जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद किया

# किताब से कल तक कार्यक्रम में विधायक, कलेक्टर और एसपी ने विद्यार्थियों को बताई भविष्य की दिशाएं

### उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का विधायक, कलेक्टर और एसपी ने दिए उत्तर




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

हाटपीपल्या विधानसभा के ग्राम सन्नौड़ में स्थित सांदीपनि विद्यालय में विधायक मनोज चौधरी, कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद की उपस्थिति में किताब से कल तक विषय अंतर्गत विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम में विधायक मनोज चौधरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे देवास जिले में सबसे पहले ग्राम सन्नौड़ में सांदीपनि विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है, जो क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अपने छात्र जीवन का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा, जब हम छात्र थे, तब इतनी आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण शासकीय स्कूल नहीं हुआ करते थे और न ही हमें सही समय पर मार्गदर्शन देने वाला कोई था।

शासकीय स्कूलों में आप सभी विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाये मिल रही हैं। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति को जीवन में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई ही आपको नीचे से ऊपर तक ले जा सकती है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को अपने लक्ष्य के अनुरूप मन लगाकर अध्ययन करना चाहिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि संदीपनी विद्यालय शासन के एक उत्कृष्ट मॉडल के रूप में विकसित हुआ है, जिसका लाभ विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण में मिलेगा। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने कहा कि आज शासकीय विद्यालय ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि अच्छे से अच्छे प्राइवेट स्कूलों से ज्यादा और आधुनिक सुविधाएं सांदीपनि विद्यालयों में प्रदान की जा रही हैं। अपने छात्र जीवन को याद करते हुए एसपी गेहलोद ने कहा, हम भी शासकीय विद्यालय से ही पढ़कर निकले हैं। हमारे समय में इतनी सुविधाएं नहीं हुआ करती थीं। आज ग्रामीण क्षेत्र में इतनी बड़ी और सर्वसुविधायुक्त स्कूल का होना यह दर्शाता है कि प्रदेश सरकार शिक्षा को लेकर कितनी संवेदनशील है।₹ उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे सरकार की इन सुविधाओं का पूरा लाभ उठाएं और अपना एक निश्चित लक्ष्य बनाकर सही दिशा में आगे बढ़ें। आपकी जिस भी फील्ड में रुचि और लगन है, उसी में पूरी ईमानदारी से मेहनत करें। संवाद सत्र के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विधायक मनोज चौधरी से उनके छात्र जीवन, कलेक्टर ऋतुराज सिंह से हॉबी-पढ़ाई को एक साथ कैसे जारी रखा जा सकता है तथा पुलीस अधीक्षक पुनीत गेहलोद से सफलता का सफर के संबंध में प्रश्न पूछे।कलेक्टर ऋतुराज सिंह से हॉबी-पढ़ाई को एक साथ कैसे जारी रखा जा सकता है सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा माध्यम है जो एक साधारण परिवार के बच्चे को भी शीर्ष मुकाम पर पहुँचा सकती है। हॉबी और पढ़ाई दोनों को साथ मैनेज किया जा सकता है, बशर्ते छात्र अपने समय का सही करें। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने सफलता के सफर के संबंध में पूछे प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि ₹मैं भी आपकी तरह ही शासकीय विद्यालय से पढ़कर निकला हूँ। हमारे समय में इतनी सुविधाएं नहीं थीं, लेकिन दृढ़ संकल्प और लगन से हर मंजिल पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इतनी भव्य स्कूल का होना सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। छात्र अपनी रुचि के क्षेत्र को पहचानें, पूरी ईमानदारी से लक्ष्य की ओर बढ़ें और शासन की सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन करें।



## लोहे की सीढ़ी हाईटेंशन लाइन से छूने पर करंट की चपेट में आया व्यक्ति

### हादसे में गवाई जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के पशु हाट क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में बिजली का काम करते समय करंट लगने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जिला अस्पताल में पिता की मौत की सूचना मिलते ही बेटी उन्हें बार-बार उठाने की गुहार लगाती रही और रिश्तेदारों के साथ मिलकर सीपीआर देकर उनकी सांसें लौटाने का प्रयास करती रही।

यह दृश्य देखकर अस्पताल में मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। जानकारी के अनुसार, पशु हाट क्षेत्र निवासी प्रदीप पिता छोटेलाल (50) अपने घर में बिजली से संबंधित कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उनके द्वारा उपयोग की जा रही लोहे की सीढ़ी घर के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन के संपर्क में आ गई। करंट लगते ही प्रदीप जोरदार झटके के साथ नीचे गिर पड़े।करंट लगने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और गंभीर अवस्था में प्रदीप को ऑटो रिक्शा से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।जिला अस्पताल में पिता के निधन की खबर मिलते ही बेटी और अन्य परिजन बदहवास हो गए। बेटी अपने पिता को बार-बार उठने के लिए पुकारती रही और उन्हें सीपीआर देकर बचाने की कोशिश करती रही। वहीं बेटा भी पिता से लिपटकर फूट-फूटकर रोता रहा। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों और अन्य लोगों ने परिजनों को ढांढस बंधाने का प्रयास किया।घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

### बायपास पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

**देवास।** शहर के बायपास पर शनिवार को एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके साथ बैठी उसकी भाभी भी घायल हो गईं। दोनों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया।परिजनों के अनुसार, अमरपुरा निवासी शोएब अपनी भाभी को उपचार के लिए बाइक से जिला अस्पताल लेकर आ रहा था। इसी दौरान बायपास पर पीछे से तेज गति से आ रही एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि शोएब के गले में गंभीर चोट आई और उसका गला बुरी तरह कट गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसकी जान बचाने के लिए गले पर 20 से अधिक टांके लगाए। वहीं, उसकी भाभी के पैर में चोट आई है, जिनका प्राथमिक उपचार जारी है। हादसे के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन एवं चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### रोजगार मेला अपरिहार्य कारणों से स्थगित

**देवास।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि आईटीआई परिसर देवास में युवा संगम अंतर्गत 7 जुलाई को आयोजित होने वाला रोजगार मेला अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। आगामी समय में आयोजित होने वाले रोजगार मेले की जानकारी प्रथक से दी जायेगी।

## लगातार बारिश से क्षेत्र जलमग्न, कालीसिंध नदी उफान पर; कई मार्गों पर आवागमन बाधित हुआ





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

क्षेत्र में शुक्रवार शाम से शुरू हुआ तेज बारिश का दौर शनिवार तक जारी रहा। लगातार हुई मूसलाधार बारिश से पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया और मौसम में ठंडक घुल गई। भारी वर्षा के कारण क्षेत्र के अधिकांश नदी-नाले उफान पर आ गए, जिससे कई स्थानों पर आवागमन प्रभावित हुआ।शनिवार सुबह करीब तीन घंटे तक लगातार हुई तेज बारिश के बाद ग्राम मौखाप्पिल्या स्थित कालीसिंध नदी सीजन में पहली बार उफान पर आ गई। दोपहर करीब एक बजे नदी का पानी पुल के ऊपर से बहने लगा, जिसके चलते इस मार्ग पर यातायात पूरी तरह बंद करना पड़ा। पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा।वहीं ग्राम अगुर्ली में पहाड़ी क्षेत्रों से आए बारिश के पानी ने मुख्य मार्ग को नदी का रूप दे दिया। सड़क पर घुटनों से अधिक पानी भर जाने के कारण काफी समय तक आवागमन ठप रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार, हर वर्ष बारिश के दौरान यह स्थिति बनती है, जब पहाड़ी इलाकों का पानी गांव के मुख्य मार्ग से होकर गुजरता है।कालीसिंध नदी के उफान को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग नदी किनारे पहुंच गए। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सज्जन सिंह मीणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी। पुलिस ने लोगों को पुल के पास जाने से रोका तथा सुरक्षा व्यवस्था संभाली। पुल से पानी उतरने के बाद मार्ग पर यातायात को पुनः सुचारू रूप से शुरू कराया गया।लगातार बारिश से क्षेत्र के किसानों के चेहरों पर खुशी है, वहीं प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक आवाजाही नहीं करने तथा सावधानी बरतने की अपील की है।

## गंधर्वपुरी कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में जलभराव से छात्राओं की बढ़ी परेशानी, हर बारिश में दोहराती समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



प्रदेश सरकार का नारा ₹स्कूल चलें हम₹ शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश देता है, लेकिन देवास जिले के गंधर्वपुरी स्थित शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय की तस्वीरें इस दावे की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े कर रही हैं। लगातार हो रही बारिश के बाद विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर घुटनों तक पानी भर जाने से छात्राओं का स्कूल पहुंचना मुश्किल हो गया।

हालात ऐसे बने कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक और अन्य शिक्षकों को छोटी-छोटी बच्चियों को गोद में उठाकर जलभराव पार कराते हुए स्कूल परिसर तक पहुंचाना पड़ा।बारिश के कारण विद्यालय के मुख्य गेट के सामने भारी जलभराव हो गया, जिससे छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गंदे पानी से होकर स्कूल पहुंचने की मजबूरी ने न केवल पढ़ाई को प्रभावित किया, बल्कि छात्राओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ा दी। विद्यालय पहुंची कई छात्राएं पानी में उतरने से घबराती नजर आईं, जिसके बाद शिक्षकों ने उन्हें सुरक्षित स्कूल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाई।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। हर वर्ष बारिश के मौसम में विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर पानी भर जाता है और पूरा मार्ग तालाब जैसा दिखाई देने लगता है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यह स्थिति लगातार बनी हुई है। कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को शिकायतें किए जाने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है।अभिभावकों ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि विद्यालय परिसर और मुख्य प्रवेश मार्ग पर तत्काल प्रभाव से स्थाई जल निकासी व्यवस्था कराई जाए, ताकि छात्राओं को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त हो सके और हर वर्ष बारिश के दौरान उन्हें इस प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी दिन कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

### सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया महाराष्ट्र समाज का स्थापना दिवस

# नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने लिया समाज सेवा का संकल्प





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महाराष्ट्र समाज, देवास द्वारा शुक्रवार को समाज का 28वां स्थापना दिवस धार्मिक आस्था, सामाजिक एकजुटता एवं सांस्कृतिक परंपराओं के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। आनंदपुरा स्थित महाराष्ट्र समाज के गणेश मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में सुबह धार्मिक अनुष्ठानों से लेकर शाम तक विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।प्रातःकाल भगवान श्री गणेश के पूजन, सहस्त्रावर्तन, वैदिक मंत्रोच्चार, हवन एवं महाआरती के साथ स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन स्मिता निलिंद म्हाडगुत ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. सुनील गोरडे ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डॉ. सुनील गोरडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति चाहे जीवन में कितनी भी ऊंचाइयों तक पहुंच जाए, उसकी वास्तविक पहचान और शक्ति उसके समाज से ही होती है। उन्होंने समाजजनों से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा नई पीढ़ी को समाज से जोड़ने का आह्वान किया। महाराष्ट्र समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक कर्पे ने अपने पिछले कार्यकाल में किए गए सामाजिक, धार्मिक एवं संगठनात्मक 100 से अधिक कार्यों का उल्लेख करते हुए आगामी तीन वर्षों की योजनाओं से समाज को अवगत कराया। इसके पश्चात नर्वनिर्वाचित कार्यकारिणी का स्वागत एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने समाज सेवा, संगठन की मजबूती तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का संकल्प लिया। समारोह के दौरान मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी से सम्मानित साहित्यकार ऋचा दीपक कर्पे को साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए महाराष्ट्र समाज के सचिव भूषण अत्रे एवं न्यास मंडल प्रबंधक सदाशिव जोशी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार संदीप भटनागर, यशोधरा भटनागर,पूर्व महापौर शरद पाचुनकर, अमेयकांत, अमित पवार, ख्यात शास्त्रीय गायिका कलापिनी कोमकली, शिक्षा जगत से अजय सोलंकी, छायाकार अजय मोदी, मल्हारी मार्तंड मंदिर के अशोक जाधव,, विविध संस्थाओं के अशोक सोमानी (माहेश्वरी समाज), संजय सरल (संस्था शब्द सरगम), मांगीलाल विजयवर्गीय (विजयवर्गीय समाज), जगजीत टुटेजा (सिख समाज), गेरुलालजी व्यास (श्री रामदास विचार मंच), अशोक शुक्ला (कान्यकुब्ज समाज) सहित विभिन्न समाजों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के अंत में शेखर धोड़पकर ने आभार व्यक्त किया।

## साइबर सुरक्षा व स्पैम कॉल से बचाव पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सरस्वती शिशु मंदिर सीबीएसई, मुखर्जी नगर, देवास में ₹साइबर सिक्योरिटी एवं अनवांटेड कॉल (स्पैम/फ़्रॉड कॉल्स) से बचाव विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य राजेश त्रिवेदी ने की, जबकि संचालन अभिभाषक मयंक पाठक ने किया। मुख्य वक्ता जतिन भट्ट (असिस्टेंट जनरल मैनेजर, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड) ने विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को साइबर अपराधों के बढ़ते खतरों से अवगत कराते हुए ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया सुरक्षा तथा स्पैम एवं फ्रॉड कॉल से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत अथवा बैंकिंग संबंधी जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या संदेश पर बिना पुष्टि के प्रतिक्रिया न दें। इस अवसर पर लक्ष्मण नागपुरे एवं अफसर अली, दोनों असिस्टेंट जनरल मैनेजर, वोडाफोन आइडिया लिमिटेड, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने भी प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। कार्यशाला में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विशेषज्ञों से अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं साइबर अपराधों की रोकथाम में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

खबर संक्षेप

## बृजमोहन सर्व ब्राह्मण विकास परिषद के जिलाध्यक्ष बने



**ललितपुर।** सर्व ब्राह्मण विकास परिषद ने संगठनात्मक विस्तार को गति देते हुए ललितपुर जिले के लिए नए जिला अध्यक्ष की घोषणा कर दी है। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल किशोर अवस्थी एड.ने बृजमोहन संज्ञा को सर्व ब्राह्मण विकास परिषद, ललितपुर का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह मनोनयन परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर अवस्थी, राष्ट्रीय मंत्री एवं बुंदेलखंड प्रभारी राहुल रिछारिया तथा झांसी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय रावत की अनुशंसा पर किया गया है। जारी मनोनयन पत्र के अनुसार बृजमोहन संज्ञा का कार्यकाल 31 दिसंबर 2027 तक रहेगा। संगठन ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में परिषद ललितपुर जिले में सामाजिक एकता, संगठन विस्तार और जनहित से जुड़े कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करेगी। प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर अवस्थी ने बताया कि परिषद के सभी पदाधिकारियों का मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल किशोर अवस्थी एड. द्वारा किया जाएगा।नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बृजमोहन संज्ञा ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे तथा संगठन को जिले में मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कार्य करेंगे।

## दलित महिला और बेटे से मारपीट की

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र की बिरधा चौकी अंतर्गत ग्राम सतरवास में एक दलित महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट तथा जातिसूचक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के चार लोगों ने महिला को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया और विरोध करने पर लाठी-डंडों व लात-घूसों से हमला कर दिया। इस घटना में महिला के कंधे की हड्डी टूट गई, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे उसके बेटे के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने तहरीर पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं और एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सतरवास निवासी रजनी बरार पत्नी विनोद बरार ने शिकायत में बताया कि 24 जून 2026 की शाम करीब पांच बजे गांव के मिथुन, रामअवतार (दोनों पुत्र अजुद्दी कुशवाहा) तथा नीलू और बंशी (दोनों पुत्र बसंता कुशवाहा) ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि चारों ने पहले जातिसूचक अपशब्द कहे और विरोध करने पर लाठी-डंडों तथा लात-घूसों से हमला कर दिया। शोर सुनकर महिला का पुत्र अर्जुन अपनी मां को बचाने के लिए मौके पर पहुंचा, लेकिन आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीण सरन पुत्र कल्ला और रामवती पत्नी बसोरे ने किसी तरह बीच-बचाव कर दोनों को बचाया। आरोप है कि जाते समय आरोपी कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने और गांव में नहीं रहने देने की धमकी देकर चले गए।

## छात्रा को बहला फुसलाकर कर ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र में एक कॉलेज छात्रा को कथित तौर पर बहला-फुसलाकर कार में ले जाने का मामला सामने आया है। छात्रा की मां की शिकायत पर पुलिस ने मोहल्ले के ही एक युवक के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना जारी है। एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री जो कि एक छात्रा है, को मोहल्ले का अंशू रजा पुत्र इरशाद रजा पिछले कुछ समय से कथित रूप से परेशान कर रहा था और आते-जाते उसका पीछा करता था। 27 जून 2026 को कॉलेज से घर लौटते समय आरोपी ने छात्रा को रास्ते में रोक लिया और कथित तौर पर बहला-फुसलाकर अपनी कार में बैठा लिया। आरोप है कि वह छात्रा को राजघाट की ओर ले जा रहा था। इसी दौरान छात्रा की एक सहेली ने उसे कार में जाते हुए देखा और तत्काल इसकी सूचना छात्रा की मां को दी।

### पिसनारी वार्ड में सड़क, नाली व नाला का लोकार्पण, जलभराव से मिलेगी राहत

# हर वार्ड तक विकास पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : नपाध्यक्ष जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के क्रम में शनिवार को वार्ड संख्या-13 स्थित मोहल्ला पिसनारी में नई सीसी सड़क, नाली एवं नाला निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन ने वार्ड पार्षद सविता गिरधारी यादव के साथ फीता काटकर एवं विधिवत पूजन-अर्चन कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। लोकार्पण समारोह के दौरान क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल रहा। स्थानीय नागरिकों ने पालिका अध्यक्ष और वार्ड पार्षद का पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की।

लोगों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से सड़क और जल निकासी की समस्या बनी हुई थी, जिससे विशेषकर बरसात के मौसम में आवागमन प्रभावित होता था। नई सीसी सड़क, नाली और नाला बनने से अब जलभराव की समस्या दूर होगी और लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान नहर से श्यामलाल के मकान तक निर्मित सीसी सड़क एवं नाली का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा शिखर जैन के मकान से विक्की खान के मकान होते हुए दरोगा प्रसाद के मकान की ओर बनाए गए नाले का भी उद्घाटन किया गया। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि नगर का प्रत्येक वार्ड उनके लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। उनका उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नागरिकों को बेहतर और स्थायी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली और जल निकासी जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जा रहा है, ताकि किसी भी नागरिक को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नगर हित को सर्वोपरि रखते हुए स्वच्छ, सुंदर, व्यवस्थित और आधुनिक ललितपुर के निर्माण के लिए विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि गिरधारी कुशवाहा, अवर अभियंता खुशबू खान, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, ठेकेदार मनोज साहू, स्वास्थ्य नायक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### बुआई को लेकर खूनी संघर्ष

## दबंगों के हमले में वृद्ध दंपती के हाथ टूटे, बेटे के सिर में आए सात टांके

**दैलवारा गांव में खेत पर कब्जे के विवाद में लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी से हमला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम दैलवारा में खेत की बुआई को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि खेत बोने पहुंचे एक परिवार पर गांव के ही तीन लोगों ने लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में वृद्ध दंपति के हाथों की हड्डियां टूट गईं, जबकि उनके बेटे के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम दैलवारा निवासी राजेश कुशवाहा पुत्र रामदास कुशवाहा 29 जून की दोपहर अपने पिता रामदास और मां पार्वती के साथ खेत में बुआई करने पहुंचे थे।

आरोप है कि इसी दौरान गांव के राजाराम, उसके पुत्र अर्जुन और अनुज वहां पहुंचे और खेत बोने से रोकने लगे। विरोध करने पर तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते लाठी-डंडों तथा कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में राजेश के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। चिकित्सीय परीक्षण में उनके हाथ पर सात टांके लगाए गए, जबकि उनके पिता रामदास और मां पार्वती के एक-एक हाथ की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई है। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। आरोप है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और पूर्व में भी विवाद एवं मारपीट की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं।

### नाराहट में सड़क हादसा

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौके पर मौत

**ललितपुर।** जनपद के पाली तहसील अंतर्गत नाराहट थाना क्षेत्र में शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही नाराहट पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम नटयाना निवासी दो युवक मोटरसाइकिल से किसी कार्य से ललितपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान नाराहट थाना क्षेत्र में रास्ते में सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतकों में एक युवक की उम्र करीब 40 वर्ष, जबकि दूसरे की उम्र लगभग 25-26 वर्ष थी। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए।

सूचना पर थाना प्रभारी दया शंकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए तथा शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और अन्य साक्ष्यों के आधार पर ट्रक एवं उसके चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। ट्रक चालक की पहचान पर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक बैक करते में हादसा हुआ

## अमरपुर मंडी में ट्रक की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**ललितपुर ।** अमरपुर मंडी में ट्रक को बैक करते समय हुए दर्दनाक हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। हादसे के बाद मंडी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल मजदूर को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम अण्डेला निवासी पहाड़ सिंह पुत्र घूमन सिंह अमरपुर मंडी में मजदूरी का कार्य करने गया था। 30 जून 2026 की सुबह करीब 10:45 बजे मंडी परिसर में खड़े ट्रक संख्या यूपी 94 टी 1414 का चालक वाहन को कथित रूप से लापरवाही से बैक कर रहा था। इसी दौरान पीछे कार्य कर रहे पहाड़ सिंह ट्रक की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मंडी में मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

## सक्षम स्थापना पर दिव्यांग सेवा का दोहराया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

समदृष्टि, क्षमता एवं विकास अनुसंधान मंडल (सक्षम) ललितपुर का स्थापना दिवस आज नगर स्थित रामरतन विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सक्षम के प्रांत सहसचिव प्रशान्त पाण्डेय रहे, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अक्षय अलया ने की।

इस अवसर पर प्रांत सहसचिव प्रशान्त पाण्डेय ने सक्षम की कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके अधिकार दिलाना तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उन तक पहुँचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि दिव्यांगता को अभिशाप नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी मानते हुए प्रत्येक दिव्यांगजन तक सरकारी सुविधाएँ और अधिकार पहुँचाने का प्रयास करें। कार्यक्रम में नगर के सेवाभावी चिकित्सक डॉ. मुकेश तिवारी को चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रमुख तथा जितेंद्र सिंह यादव को सक्षम मित्र के रूप में मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सक्षम के ब्रांड एंबेसडर सूरदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। अधिवक्ता आयाम के प्रमुख कौशल किशोर गोस्वामी (एडवोकेट) ने संगठन मंत्र प्रस्तुत किया, जबकि युवा आयाम प्रमुख दीपक राठौर ने सक्षम की परिकल्पना पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अजय जैन साइकिल ने किया तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी भी दी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष गोविंद व्यास, डॉ. तेजस्व श्रीवास्तव, संजीव सौरया, रविशंकर राठौर, मीडिया प्रमुख मनोज जैन, संजय अग्रवाल, सौरभ सिंह, ध्रुव साहू,अभिषेक सोनी, प्रेमशंकर गुप्ता, रमेश सेन सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### समयबद्ध समाधान के निर्देश

## सरकार हर व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजना का लाभ पहुंचाने प्रतिबद्धः विधायक

**बार।** कस्बा बार में शुक्रवार को शगांव की समस्या, गांव में समाधानश के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित पात्रों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कृषि विभाग ने किसानों को कृषि मिनी किट उपलब्ध कराई। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से अन्नप्राशन और गोद भराई कार्यक्रम आयोजित कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीण विकास मंत्रालय की योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में श्रमिकों को 125 दिन तक रोजगार और प्रतिदिन 300 रुपये मजदूरी उपलब्ध कराने की जानकारी भी दी गई। साथ ही रोजगार प्रक्रिया में पारदर्शिता और ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों के विस्तृत विकल्पों की जानकारी दी गई। सदर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार किसानों, महिलाओं, युवाओं, गरीबों और वंचित वर्ग के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने पात्र लोगों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। चौपाल के बाद विधायक ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना ही नहीं, उनकी देखभाल करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह, खंड विकास अधिकारी, सर्वेश कुमार रवि, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कल्याण सिंह लोधी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह सिसोदिया, ग्राम प्रधान रमेश सहरिया, ग्राम विकास अधिकारी रोहित निरंजन, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, आशा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, किसान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। संचालन ब्लॉक मिशन प्रबंधक महेश रिछारिया ने किया।

### बिरधा-पाली मार्ग पर पीछे से मारी टक्कर

## बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायल, हाथ की हड्डी टूट गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली सदर क्षेत्र के बिरधा-पाली मार्ग पर तेज रफ्तार पल्सर मोटरसाइकिल की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के दाहिने हाथ की हड्डी टूट गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल ले जाया गया, जहां ऑपरेशन कर हाथ में रॉड डाली गई। उपचार पूरा होने के बाद पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पाली निवासी संतोष पुत्र दउये 28 मार्च 2026 को अपने 26 वर्षीय पुत्र गोलू कुशवाहा के साथ बिरधा आए थे। शाम को घर लौटने के लिए कोई वाहन नहीं मिलने पर दोनों पिता-पुत्र पैदल ही पाली की ओर रवाना हो गए। शाम करीब पांच बजे बिरधा क्षेत्र में पीछे से आ रही पल्सर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 94 एएल 0698 के चालक ने कथित रूप से तेज एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए गोलू कुशवाहा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में बेहतर उपचार के लिए परिजन उसे भोपाल के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां ऑपरेशन कर उसके हाथ में रॉड डाली गई। पिता का कहना है कि बेटे के इलाज और देखभाल में व्यस्त रहने के कारण वह समय पर पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं करा सके। उपचार के बाद ललितपुर लौटने पर उन्होंने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला पंजीकृत किया है।

### थाना पूराकलां पुलिस ने कार्रवाई की

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पूराकलां पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

आरोपी के विरुद्ध बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना पूराकलां पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम धमना निवासी शिवम अहिरवार (21 वर्ष) पुत्र श्यामलाल अहिरवार को गिरफ्तार किया। आरोपी थाना पूराकलां में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 97/2026 में वांछित था। उसके विरुद्ध धारा 65(1), 351(3) बीएनएस तथा 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई को थाना पूराकलां के उपनिरीक्षक वीरेन्द्र कुमार एवं कांस्टेबल विष्णु प्रताप सिंह ने अंजाम दिया।

### रकम वापसी के चेक बाउंस हुए

## व्यापार में निवेश के नाम पर 65 लाख की ठगी, 3 पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

व्यापार में निवेश के नाम पर 65 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम बम्होरी कलां निवासी एक युवक की शिकायत पर मुंबई की एक कंपनी की संचालिका सहित तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्राम बम्होरी कलां निवासी मुकेश रजक उर्फ कोरी पुत्र जमूरे रजक ने शिकायत में बताया कि व्यापारिक गतिविधियों के दौरान उसकी मुलाकात मुंबई के कांदीवली निवासी चेतन शाह और हिमांशु शाह से हुई थी। बातचीत के बाद उसने 28 जून 2024 को उनकी कंपनी देव एलीट एलएलपी की संचालिका रेवती शाह को व्यापार में निवेश के उद्देश्य से 65 लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि रकम प्राप्त करने के बाद आरोपियों ने एक लिखित अनुबंध (एग्रीमेंट) किया और सुरक्षा के तौर पर 72.50 लाख रुपये के चेक सौंपे। जब इन चेकों को बैंक में प्रस्तुत किया गया तो खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण वे अनादृत (बाउंस) हो गए। शिकायतकर्ता का कहना है कि इसके बाद उसने कई बार अपनी रकम वापस मांगी, लेकिन आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे। आरोप है कि हाल में रकम मांगने पर आरोपियों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया, जातिसूचक टिप्पणी की तथा जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने चेतन शाह, हिमांशु शाह और रेवती शाह के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया है।

### जिला बार एसोसिएशन चुनावः अध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवार

## चुनाव 2026-27 को लेकर सरगर्मियां, पदों के लिए 39 नामांकन दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिला बार एसोसिएशन ललितपुर के वार्षिक चुनाव 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया शनिवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। अंतिम दिन विभिन्न पदों के लिए अधिवक्ताओं ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। अब नामांकन के बाद चुनावी गतिविधियां और तेज हो गई हैं तथा प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में समर्थन जुटाने में सक्रिय हो गए हैं।

मुख्य चुनाव अधिकारी विपिन बिहारी सक्सेना द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अध्यक्ष पद के लिए पांच नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिससे इस पद पर मुकाबला रोचक होने की संभावना है। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो, कनिष्ठ उपाध्यक्ष (दो पद) के लिए दो तथा कनिष्ठ उपाध्यक्ष (एक पद) के लिए पांच नामांकन दाखिल किए गए हैं। इसी प्रकार महामंत्री पद के लिए पांच, कोषाध्यक्ष पद के लिए दो, सहमंत्री (प्रशासन), सहमंत्री (पुस्तकालय) तथा सहमंत्री (प्रकाशन - महिला) के लिए एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त हुआ है। इसके अलावा वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के छह पदों के लिए छह तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के छह पदों के लिए नौ नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया अब तक शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव संपन्न कराने में एल्डर्स कमेटी के सदस्यों तथा सहायक चुनाव अधिकारियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अब नामांकन पत्रों की जांच और आगे की चुनावी प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। चुनाव परिणाम के बाद नए पदाधिकारी वर्ष 2026-27 के लिए जिला बार एसोसिएशन का कार्यभार संभालेंगे।

### संयुक्त संचालक ने हायर सेकंडरी विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया

# विद्यालय में चार घंटे तक चला निरीक्षण संयुक्त संचालक बोलीं: कमियां बहुत सारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

लोक शिक्षण संचालनालय की संयुक्त संचालक कनक प्रसाद ने शुक्रवार को शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय कुरावर का करीब चार घंटे तक आकस्मिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण जिला कलेक्टर द्वारा वर्ष 2025 में विद्यालय की प्राचार्य के विरुद्ध भेजे गए निलंबन प्रस्ताव के संबंध में जांच के तहत किया गया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक ने विद्यालय परिसर, भवनों की स्थिति, साफ-सफाई, रखरखाव, खेल मैदान, अभिलेखों तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं सामने आने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया।

#### प्राचार्य को लगाई जमकर फटकार, कहा व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं

संयुक्त संचालक ने विद्यालय परिसर में एकीकृत माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय भवनों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान भवनों का



रखरखाव नहीं कराया गया। कई भवनों में पुताई नहीं हुई थी, खिड़कियों की जालियां टूटी हुई थीं तथा दीवारों और कमरों में जाले लगे हुए थे। इस पर उन्होंने प्राचार्य अल्बीना टोप्पो को फटकार लगाते हुए कहा कि विद्यालय की व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की कैशबुक, अभिलेख, दैनिक प्रशासनिक कार्य, साफ-सफाई तथा पूर्व में प्राप्त शिकायतों से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच की। सहायक ग्रेड-2 एवं लेखापाल के संबंध में पूर्व में हुई शिकायतों के दस्तावेज भी देखे गए।

#### पूर्व से विवादों में रहा विद्यालय

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में भी



संयुक्त संचालक ने विद्यालय का निरीक्षण किया था, जिसमें कई अनियमितताएं सामने आई थीं। इसके बाद तत्कालीन जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने 2 अक्टूबर 2025 को प्राचार्य अल्बीना टोप्पो के विरुद्ध निलंबन की अनुशंसा करते हुए प्रस्ताव आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय को भेजा था। इस प्रस्ताव पर अब तक अंतिम कार्रवाई नहीं हो सकी है। वहीं, विद्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 विपिन श्रीवास्तव पूर्व में विभिन्न शिकायतों के चलते निलंबित हो चुके हैं। हालांकि, न्यायालय से प्राप्त स्थगन आदेश के आधार पर वे वर्तमान में अपने पद पर कार्यरत हैं।

#### संयुक्त संचालक ने क्या कहा...

निरीक्षण के बाद संयुक्त संचालक ने कहा कि विद्यालय में कई गंभीर कमियां पाई गई हैं। परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाएं अपेक्षित स्तर की नहीं हैं। उन्होंने कहा कि समय पर साइकिल वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं में भी कमियां मिली हैं। उनके अनुसार, जांच पूरी कर ली गई है और विस्तृत प्रतिवेदन विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। नरसिंहगढ़ में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से जुड़े कथित खरीदी प्रकरण के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वे केवल कुरावर विद्यालय की जांच के लिए आई थीं और उस मामले की उन्हें जानकारी नहीं है।

#### निरीक्षण में प्रमुख कमियां


- विद्यालय भवनों की पुताई नहीं होना।
- छात्राओं की सुरक्षा के लिए लगी खिड़कियों की जालियां टूटी होना।
- खेल मैदान एवं परिसर में साफ-सफाई का अभाव।
- विद्यालय भवन एवं परिसर का रखरखाव संतोषजनक नहीं होना।
- प्रशासनिक एवं अभिलेखीय कार्यों में विभिन्न कमियां।

#### इन बिंदुओं की हुई जांच

- विद्यालय की कैशबुक।
- विद्यालय की साफ-सफाई एवं रखरखाव।
- परिसर में फैली गंदगी।
- सहायक ग्रेड-2 के विरुद्ध पूर्व में प्राप्त शिकायतें।

### सुरक्षित वन विभाग को सौंपा

## कुत्तों के हमले से घायल काला हिरण, वार्डवासियों ने बचाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

क्षेत्र में मानवता और वन्यजीव संरक्षण की मिसाल उस समय देखने को मिली, जब ग्रामीणों ने कुत्तों के हमले से घायल एक दुर्लभ काला हिरण (ब्लैकबक) की जान बचाकर उसे सुरक्षित वन विभाग के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार, पुलिस थाने के पीछे निवासी स्थानीय वार्डवासियों को एक नर काला हिरण घायल और बदहवास अवस्था में मिला, जिस पर आवारा कुत्ते हमला कर रहे थे। ग्रामीणों ने तत्काल साहस दिखाते हुए कुत्तों को वहां से भगाया और घायल वन्यजीव को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके बाद डायल-112 पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग, नरसिंहगढ़ को घटना की जानकारी दी।

डायल -112 की टीम घायल काला हिरण को अपने संरक्षण में लेकर उपचार के लिए उसे वन विभाग नरसिंहगढ रवाना किया। प्राथमिक उपचार के बाद उसके स्वास्थ्य में सुधार होने पर उसे उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, काला हिरण भारत के सबसे तेज दौड़ने वाले वन्यजीवों में से एक है और यह वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची के अंतर्गत संरक्षित प्रजाति है। इसका शिकार करना या नुकसान पहुंचाना कानूनन दंडनीय अपराध है।

ग्रामीणों की सतर्कता, संवेदनशीलता और समय पर की गई कार्रवाई से एक दुर्लभ वन्यजीव की जान बच सकी। स्थानीय लोगों ने भी अपील की है कि यदि कहीं कोई घायल या असहाय वन्यजीव दिखाई दे तो उसे पकड़ने या परेशान करने के बजाय तत्काल पुलिस अथवा वन विभाग को सूचना दें।

## कृषि उपज मंडी में सर्वर डाउन होने से किसानों का फूटा गुस्सा, लगाया जाम

### सुबह 7 बजे से लाइन में लगे किसान, समझाइश के बाद माने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



नगर के कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को एक बार फिर सर्वर डाउन होने से किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। सुबह से अपनी उपज लेकर पहुंचे किसानों ने लंबे इंतजार के बाद मंडी परिसर के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया। इससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। किसानों ने बताया कि वे सुबह करीब 7 बजे से अपनी उपज की तौल एवं नीलामी के लिए लाइन में खड़े हैं, लेकिन सर्वर बंद होने के कारण पूरा कामकाज ठप पड़ा है। सर्वर डाउन होने से मंडी में किसानों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतार लग गई तथा भीड़ लगातार बढ़ती गई। किसानों का कहना था कि बार-बार सर्वर डाउन होने से उनका समय और आर्थिक नुकसान हो रहा है।

#### किसानों ने सड़क पर लगाया जाम हरकत में आया प्रशासन

किसानों द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर जाम लगाए जाने और हंगामे की सूचना मिलते ही कुरावर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह मवई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उन्हें शांत कराया तथा संबंधित अधिकारियों से समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने जाम समाप्त कर दिया और यातायात पुनः सुचारु हो गया। किसानों ने मांग की कि उपज मंडी में बार-बार आने वाली सर्वर संबंधी समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में उन्हें इस प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### तकनीकी कारणों से सर्वर डाउन

सर्वर तकनीकी कारणों से डाउन हो गया था, जो करीब दोपहर 12 बजे तक चालू होने की संभावना थी, लेकिन सर्वर बंद होने के कारण ही मंडी का कार्य प्रभावित हुआ है, जिससे किसानों में नाराजगी उत्पन्न हुई और हंगामे की स्थिति बनी।

- रामप्रसाद राज, सचिव कृषि उपज मंडी कुरावर

### परिवार को हुई काफी परेशानी

## नाली के पानी की निकासी नहीं होने से दीवार गिर गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर के वार्ड 14 में गुरुवार दोपहर लगातार बारिश, नाली के पानी की निकासी नहीं होने और मकान के पीछे बने घूरे के कारण पीड़ित हैदर अली पिता रमजान अली के घर की पीछे की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि घटना के समय दीवार के पास कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि या चोट नहीं आई। दीवार गिरने से घर का सामान बिखर गया, जिससे परिवार को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से बारिश का पानी, नाली का गंदा पानी और घूड़े में पानी जमा से होने वाली नमी के कारण दीवार की नींव कमजोर हो गई थी। लगातार पानी भराव के चलते आखिरकार दीवार ढह गई। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वार्डवासियों ने प्रशासन से प्रभावित परिवार को उचित सहायता प्रदान करने, जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने तथा घूरे को हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## चंदन चोरी के 4 आरोपी गिरफ्तार, 12.9 किलो चंदन, बाइक और कुल्हाड़ी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पुलिस ने चंदन चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 12 किलो 900 ग्राम चंदन की लकड़ी, चोरी में प्रयुक्त बिना नंबर की सीटी-100 मोटरसाइकिल तथा एक लोहे की कुल्हाड़ी सहित कुल 50,700 रुपये मूल्य का मशरूका जब्त किया गया है।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी सारंगपुर अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सारंगपुर उप निरीक्षक राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तीन व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पर चोरी का चंदन लेकर किठोर रोड की ओर से सारंगपुर बेचने आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने किठोर रोड अंडरब्रिज के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर संदिग्ध भागने लगे, लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम रईस मेव (50), मामूर खां (55) और गोकुल अहिरवार (60), सभी निवासी काछीखेड़ी, बताए। इनके पास से 12 किलो 900 ग्राम चंदन की लकड़ी और चंदन काटने में प्रयुक्त लोहे की कुल्हाड़ी बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ग्राम आसारेटा के जंगल से



चंदन चोरी किया था तथा उसे सारंगपुर निवासी मोहसिन पिता गफ्फार खां (26) को बेचने जा रहे थे। पुलिस ने मोहसिन को भी गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में थाना सारंगपुर में अपराध क्रमांक 515/2026 के तहत धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। आरोपियों से चोरी का चंदन, घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की सीटी-100 मोटरसाइकिल तथा लोहे की कुल्हाड़ी जब्त की गई है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक दीपक परमार, सहायक उप निरीक्षक आनंदीलाल भिलाला, आरक्षक बनवारी गुर्जर, लोकेश परमार, सत्येंद्र रघुवंशी, सुनील हिनोतिया एवं धर्मेंद्र जायसवाल की भूमिका रही।

## करंट से भैंस की मौत, पुलिस ने कराया पीएम, सुरक्षा की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

समीपस्थ ग्राम सुंदरपुरा में ट्रांसफार्मर में उतर रहे करंट की चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक नारायणसिंह पिता गुलाबसिंह की भैंस मोरसरा नाले के पास चरने के लिए गई थी, जहां पर लगे ट्रांसफार्मर की चपेट आने से करंट से मौत हो गई। सरपंच और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया। जहा पंचनामा बनाते समय अरुण, अंकित, पवन, कैलाश, महेश आदि मौजूद रहे। इसके सूचना थाना मलावर को देने पर मृत मवैसी का पंजीकरण कर पीएम के लिए पशु चिकित्सक मलावर को पत्र भेजकर पीएम कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि डीपी के आसपास न जाली है न बाउंड्री। लाइनमैन से कई बार शिकायत के बाद भी बिजली विभाग ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने मुआवजा और डीपी की सुरक्षा की मांग की है।

#### इनका कहना है...

हम मुआवजा दिलाने में विभाग की तरफ से पूरा सहयोग करेंगे और ट्रांसफार्मर में जाली फेंसिंग भी करवाएंगे, ताकि दोबारा ऐसी घटना ना घटे।

-निर्मल चौधरी, एई एमपीईबी ग्रामीण नरसिंहगढ़

## वर्षा ऋतु से पहले नपा की कार्रवाई थाना परिसर के 3 जर्जर भवन ढहाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए जनहानि की आशंका को रोकने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने शहर में जर्जर भवनों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में गुरुवार को थाना परिसर में स्थित तीन अत्यंत जीर्ण-शीर्ण भवनों को जेसीबी मशीन की सहायता से सुरक्षित तरीके से ध्वस्त कर मलबा भी हटा दिया गया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) दीपक रानवे की मौजूदगी में इस कार्रवाई के दौरान बताया गया कि थाना परिसर के ये भवन काफी समय से जर्जर अवस्था में थे। वर्षा के दौरान इनके कभी भी गिरने की आशंका थी, जिससे जनहानि और दुर्घटना का खतरा बना हुआ था। इसी खतरे को देखते हुए इन्हें हटाया गया।

सीएमओ दीपक रानवे ने बताया कि नगर पालिका द्वारा शहर के जीर्ण-शीर्ण भवनों का सर्वे कराया गया है तथा संबंधित भवन स्वामियों को मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम की धारा 221 के तहत नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु में नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसे सभी खतरनाक भवनों को हटाने, मरम्मत कराने अथवा आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन जर्जर भवनों के आसपास लोगों और वाहनों का लगातार आवागमन रहता है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान निकाय उपयंत्री विक्की ब्राह्मणे, कर्मचारी गौरव शर्मा एवं गोकुल पुष्पद सहित नगर पालिका का अमला उपस्थित रहा।

### मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के आवेदन 31 अगस्त तक

ब्यावरा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन योजना के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन हेतु एनआईसी मध्यप्रदेश के सहयोग से स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रणाली विकसित की गई है। इसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए योजना का संचालन ऑनलाइन किया जाएगा। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांग छात्र-छात्राएं स्वयं स्पर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन दर्ज कर सकेंगे। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों से 31 अगस्त 2026 तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्रता के आधार पर स्वीकृति अथवा अस्वीकृति की कार्रवाई संबंधित अधिकारियों द्वारा 15 सितंबर 2026 तक नियमानुसार सुनिश्चित की जाएगी। योजना का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन प्रदान कर उनकी शैक्षणिक प्रगति को बढ़ावा देना है। सामाजिक न्याय एवं 'दिव्यांग छात्र-छात्राओं से निर्धारित समय-सीमा में स्पर्श पोर्टल पर आवेदन करने अपील की है।

### संत रविदास स्वरोजगार योजना से मंजुबाई और कमलसिंह बने आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



जिले के ग्राम हबीपुरा निवासी मंजुबाई एवं उनके पति कमलसिंह ने जिला अंत्यावसायी विभाग की संत रविदास स्वरोजगार योजना का लाभ लेकर अपना स्वरोजगार शुरू किया। वर्ष 2025-26 में ऑनलाइन आवेदन के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा राजगढ़ से उन्हें 3 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। ऋण मिलने पर उन्होंने राजगढ़ में यूनियन बैंक के पास एमपी ऑनलाइन सेंटर एवं बैंक ऑफ बड़ौदा की कियोस्क शुरू की। वर्तमान में दुकान से अच्छी आय हो रही है। दुकान का किराया और बैंक ऋण की मासिक किस्त जमा करने के बाद भी उन्हें लगभग 13 हजार रुपये प्रतिमाह की बचत हो रही है। मंजुबाई कमलसिंह का कहना है कि इस योजना ने उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है और आज वे अपना जीवन-यापन अच्छे से कर रहे हैं। वे इस अवसर के लिए मध्यप्रदेश शासन एवं जिला अंत्यावसायी विभाग का आभार व्यक्त करते हैं।

### प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना अंतर्गत जागरुकता शिविर आयोजित

## पंजीयन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

श्रम विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में श्रम कार्यालय, महिला एवं बाल विकास परियोजना राजगढ़, परियोजना खिलचीपुर तथा परियोजना जीरापुर में प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन (पीएम-एसवाईएम) पेंशन योजना के अंतर्गत जागरूकता एवं पंजीयन शिविर आयोजित किए गए।

शिविर में जिला श्रम अधिकारी सौरव गुप्ता एवं श्रम निरीक्षक मनोज चौहान ने उपस्थित श्रमिकों को योजना की पात्रता, पंजीयन प्रक्रिया एवं मिलने वाले लाभों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों से योजना का लाभ लेने की अपील




की। इस दौरान पात्र हितग्राहियों का मौके पर ही पंजीयन भी किया गया।

साथ ही बताया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए संचालित एक अंशदायी पेंशन योजना है। योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु के ऐसे असंगठित श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये तक है तथा जो ईपीएफओ, ईएसआईसी, एनपीएस अथवा आयकरदाता नहीं हैं, पंजीयन के लिए पात्र हैं। लाभार्थी द्वारा आयु के अनुसार निर्धारित मासिक अंशदान जमा करने पर केंद्र सरकार भी समान राशि का अंशदान करती है। 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को प्रतिमाह 3 हजार रुपये की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है। श्रम विभाग ने पात्र श्रमिकों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाइल नंबर के साथ निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अथवा श्रम विभाग से 9827459864 पर संपर्क कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## हेयर सैलून के नए शुल्क निर्धारित सत्यनारायण बने संघ अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नगर में सर्व सेन समाज नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के सभी हेयर सैलून संचालकों ने भाग लेकर समाज एवं व्यवसाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की बैठक में सर्वसम्मति से सत्यनारायण सेन (पालड़ियाखेड़ी) को सैलून संघ का अध्यक्ष तथा विनोद सेन खुजनेर को उपाध्यक्ष चुना गया। पदाधिकारियों के चयन के बाद उपस्थित सदस्यों ने उनका स्वागत करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प



लिया। बैठक में सभी हेयर सैलून संचालकों ने आपसी सहमति से सेवाओं के नए शुल्क निर्धारित किए। निर्णय के अनुसार अब हेयर कटिंग का शुल्क 40 रुपये तथा दाढ़ी बनाने का शुल्क 30 रुपये रहेगा। सभी संचालकों ने इन निर्धारित दरों का पालन करने पर सहमति व्यक्त की बैठक में समाजहित, संगठन की मजबूती एवं व्यवसाय से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया साथ ही समाज की एकजुटता बनाए रखने और सामूहिक रूप से समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष टीकाराम सेन, ग्रामीण अध्यक्ष देवकरण सेन सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में समाजजन एवं हेयर सैलून संचालक उपस्थित रहे।